प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
बुलन्दशहर

सेवा में,

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा,
शिक्षा अनुभाग–7,
उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ

पत्रांकःमा0 / /2019–20 दिनांक 24/1/2020

विषयः निर्मला कॉन्वेंट स्कूल, शिवपुरी, बुलन्दशहर की एन0ओ0सी0 की द्वितीय प्रति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, निर्मला कॉन्वेंट स्कूल, शिवपुरी, बुलन्दशहर ने अपने पत्र दिनांक 16.01.2020 के द्वारा अवगत कराया है कि उनके विद्यालय को सी0बी0एस0ई0 से सम्बद्धता प्राप्त किये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र वर्ष 1975 में शहर में अत्यधिक वर्षा होने के कारण स्कूल में जल भराव हो गया था, जिसके कारण स्कूल के कागजात नष्ट हो गये थे। वर्तमान में अनापत्ति प्रमाण पत्र की अनेक अवसर पर आवश्यकत पड़ती है। विद्यालय में अनापत्ति प्रमाण पत्र न होने के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ता है और उनके द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

उक्त के कम में अवगत कराना है कि निर्मला कॉन्वेंट स्कूल, शिवपुरी, बुलन्दशहर एक अल्पसंख्यक संस्था है। प्रश्नगत विद्यालय शहर के मध्य में स्थित है विद्यालय लगभग 1700 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे है। विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहा है। विद्यालय के पास अनापत्ति प्रमाण पत्र न होने पर निरीक्षण पर आये अधिकारियों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग किये जाने पर विद्यालय अनापत्ति प्रमाण पत्र अवलोकनार्थ प्रस्तुत नहीं कर पाता है जिसके कारण विभिन्न स्तरों पर विद्यालय के अधिकारियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

अतः प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, निर्मला कॉन्वेंट स्कूल, शिवपुरी, बुलन्दशहर के अनुरोध के कम में विद्यालय को अनापत्ति प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति उपलब्ध कराने की कृपा करें।

भवदीय

(राधा कृष्ण तिवारी)
जिला विद्यालय निरीक्षक,
बुलन्दशहर

पृष्ठां0सं0ःमा0 / 11094–96 /2019–20 दिनांकःउक्तवत।

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. शिक्षा निदेशक(मा0),उ0प्र0, लखनऊ।
2. प्रवन्धक/प्रधानाचार्य, निर्मला कॉन्वेंट स्कूल, शिवपुरी, बुलन्दशहर।

24.1.2020

जिला विद्यालय निरीक्षक,
बुलन्दशहर

ATTESTED